GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार

# Directorate School Education
# विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालय शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्स 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

TO BE SUBSTITUTED BEARING SAME NUMBER AND DATE

सेवा में,

राज्य के सभी
जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,
जिला परियोजना समन्वयक,
खण्ड शिक्षा अधिकारी,
राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों के स्कूल मुखिया/प्रभारी एव SMC के अध्यक्ष।
यादी क्रमांकः– 18/6-2022 ACD (15)
दिनांकः– 31.03.2022

**विषयः–** **राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक तथा राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में आवेदन एवं दाखिला प्रक्रिया के सन्दर्भ में।**

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में जैसा कि आपको विदित है कि राज्य के खण्ड/विधानसभा स्तर पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की गई है। CBSE बोर्ड के इन विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके साथ–साथ महाग्रामों, कस्बों तथा शहरों में अंग्रेजी माध्यम के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बनाये गए हैं। इन विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य उत्कृष्ट ढांचागत सुविधा प्रदान करते हुए "Centre of Excellence" बनाना है। उपरोक्त विद्यालयों में सत्र 2022–23 हेतु दाखिला प्रक्रिया आरम्भ की जानी है जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

1. **राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयः–**

**(क) सीटों की संख्याः–** प्रत्येक विद्यालय अपनी विद्यालय प्रबन्धन समिति (SMC) की बैठक बुलाकर विद्यालय में उपलब्ध कमरों एवं अन्य ढांचागत सुविधाओं के मध्यनजर सीटों का निर्धारण करेंगें तथा जन अवलोकनार्थ रखेंगे। इन उपलब्ध सीटों पर ही दाखिला दिया जाएगा। SMC की पहली बैठक इसी सप्ताह आयोजित की जानी है।

**(ख) कक्षाओं में दाखिलाः–** प्रत्येक विद्यालय द्वारा विद्यालय में उपलब्ध कमरों एवं अन्य ढांचागत सुविधाओं के मध्यनजर SMC की बैठक में निर्णय लेकर कक्षा पहली, छठी, नौंवी तथा ग्यारहवी में अंग्रेजी माध्यम सैक्शनस (अनुभागों) में ही नये दाखिले किये जायेंगे। अन्य कक्षाओं में दाखिले केवल सीटें रिक्त होने की अवस्था में ही किये जाएंगे।

**(ग) दोहरी पारीः–** यदि SMC विद्यालय को दोहरी पारी में संचालित करने का निर्णय करती है तो ऐसे में उन्हें अतिरिक्त सैक्शन बनाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**(घ) कक्षावार सीटों की संख्या एवं छात्र अध्यापक अनुपातः–**

| | |
|---|---|
| कक्षा पहली से पांचवी | अधिकतम 30 विद्यार्थी प्रति सैक्शन |
| कक्षा छठी से आठवीं | अधिकतम 35 विद्यार्थी प्रति सैक्शन |
| कक्षा नौवी से बारहवीं | अधिकतम 40 विद्यार्थी प्रति सैक्शन |

**नोटः– दाखिला फार्म निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।**

2. राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयः–

(क) सीटों की संख्याः– पहली कक्षा में प्रत्येक सैक्शन में अधिकतम छात्र संख्या 30 है तथा केवल अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थियों को ही इस कक्षा में दाखिला मिलेगा। गत वर्ष की भांति इन विद्यालयों में कक्षा पहली में हिन्दी माध्यम का सैक्शन नहीं होगा।

(ख) सैक्शन की संख्याः– सभी कक्षाओं में सैक्शनस (अनुभागों) की संख्या सम्बन्धित SMC द्वारा विद्यालय में उपलब्ध ढांचागत सुविधाओं के मध्यनजर निर्धारित की जाएंगी तथा इन के लिए उपलब्ध करवाई जाएंगी।

(ग) दाखिला प्रक्रियाः– विभाग द्वारा पूर्व में जारी पत्र क्रमांक KW 20/1-2016 ACD (1) दिनांक 01.04.2021 के अनुसार दाखिला प्रक्रिया तथा सीटों पर आरक्षण यथावत रहेगा जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

| Sr. No. | Income Group | Seat Reserve (%) | No. of Seats |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार तक (Annual income upto 1.80 lac) | 20% | 06 |
| 2. | वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार से अधिक तथा दो लाख चालीस हजार तक (Annual income above 1.80 lac and upto 2.40 lac) | 10% | 03 |

इसके अतिरिक्त शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(C) के तहत आरक्षण भी दिया जाना है जो निम्नानुसार हैः–

| Sr. No. | Category of Candidate in 12 (1)(C) | Seat Reserve (25%) | No. of Seats |
|---|---|---|---|
| 1. | SC | | 03 |
| 2. | BC 'A' | | 02 |
| 3. | BC 'B' | | 01 |
| a. | CWSN (दिव्यांग) अनाथ बच्चे/HIV प्रभावित बच्चे | | 02 |

(घ) विद्यालय विकास निधिः– इसके तहत पंजीकरण अंशदान केवल एक बार लिया जाना है। गत वर्षों से दाखिल विद्यार्थियों से किसी तरह का पंजीकरण अंशदान नहीं लिया जाएगा। विद्यालय विकास निधि का कक्षावार मासिक अंशदान निम्नानुसार हैः–

| क्रमांक | विषय | राशि | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | एक मुश्त पंजीकरण अंशदान (VVN) (One time admission contribution) | 500/– | 1 से 5 |
| | | 1000/– | 6 से 12 |
| 2. | मासिक अंशदान (VVN) (Monthly contribution) | 200/– | 1 से 3 |
| | | 250/– | 4 से 5 |
| | | 300/– | 6 से 8 |
| | | 400/– | 9 से 10 |
| | | 500/– | 11 से 12 |

(ङ) आवेदन के लिए तिथियां (राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक तथा राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय) :–

| क्र. | विवरण | तिथियां |
|---|---|---|
| 1. | दाखिला प्रक्रिया आरम्भ | 05 अप्रैल, 2022 |
| 2. | विद्यालय मुखिया द्वारा आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि | 05 अप्रैल, 2022 से 25 अप्रैल, 2022 |
| 3. | माता–पिता/अभिभावकों द्वारा आवेदन जमा करवाने की तिथि | 05 अप्रैल, 2022 से 25 अप्रैल, 2022 |
| 4. | ड्रा की तिथि | 26 अप्रैल, 2022 |
| 5. | प्रतीक्षा सूची का दाखिला | 01 मई, 2022 |

**नोटः– सीटें खाली रहने की अवस्था में दाखिले का दूसरा दौर 02 मई से आरम्भ किया जाना है।**

**3. आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजः–**

i. जन्म का प्रमाणपत्र – अस्पताल/दाई का रजिस्टर अभिलेख, आंगनवाड़ी अभिलेख, माता–पिता अथवा सरंक्षक का आयु के लिए शपथ पत्र।

ii. रिहायश का प्रमाण पत्र – आधार कार्ड/परिवार पहचान पत्र।

iii. आवेदन का फार्म – विभाग द्वारा पहले से ही तैयार किये गए आवेदन फार्म पर ही भरना होगा। यह आवेदन फार्म स्कूल द्वारा माता–पिता/अभिभावकों को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा।

iv. किसी भी बच्चे को दस्तावेज के अभाव में दाखिले से वंचित नहीं किया जाएगा। बच्चे/अभिभावक को अस्थाई दाखिला देकर 30 दिन का समय प्रदान किया जाएगा।

v. यदि आरक्षित सीटों के लिए समुचित संख्या में आवेदन नहीं आते हैं तो इन सीटों को सामान्य श्रेणी से भरा जाएगा।

**नोटः– उपरोक्त दिशानिर्देश केवल राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों के सन्दर्भ में हैं। अन्य सामान्य विद्यालयों की दाखिला प्रक्रिया के सन्दर्भ में दिशानिर्देश अलग पत्र के माध्यम से जारी किये जाएंगे।**

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृते: महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

**पृष्ठांकन क्रमांक समः** **दिनांक, पंचकूला 31.03.2022**

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. वरिष्ठ सचिव, माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्यालय शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ़।
2. निजी सचिव, माननीय महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. निजी सहायक, माननीय निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृते: महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा
हरियाणा पंचकूला